वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-178 सागवाड़ा, गुरुवार,3 मार्च, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

डूंगरपुर से जयसमंद 53 किमी के बीच दौड़ा रेल का ट्रायल इंजन

उदयपुर-डूंगरपुर आमान परिवर्तन कार्य, 5 से 6 मार्च को होगा सीआरएस निरीक्षण

डूंगरपुर। डूंगरपुर से उदयपुर के जयसमंद के बीच ब्रॉड गेज रेल लाइन का काम पूरा हो गया है। इस ट्रैक का 5 व 6 मार्च को सीआरएस निरीक्षण होगा। निरीक्षण से पहले 53 किलोमीटर लंबे इस रेल लाइन पर आज गुरुवार को ट्रायल इंजन दौड़ाया गया। 110 किलोमीटर की रफ्तार ये इंजन दौड़ाया गया । उदयपुर से अहमदाबाद वाया डूंगरपुर आमान परिवर्तन कार्य के तहत डूंगरपुर से गुजरात के असारवा रेलवे स्टेशन तक 15 जनवरी को डेमू ट्रेन शुरू हो गई थी। वही डूंगरपुर स्टेशन से उदयपुर के जयसमंद तक 53 किमी ब्रॉड गेज का काम पूरा हो गया है।

इस ट्रैक का अब 5 व 6 मार्च को सीआरएस निरीक्षण होगा। इसमें हाई स्पीड के साथ रेल चलाई जाएगी निरीक्षण से पहले रेलवे विभाग ट्रैक की पूरी तैयारी करने में लगा है। 53 किमी के इस ट्रैक पर रेल की स्पीड को देखने के लिए गुरुवार को ट्रायल इंजन दौड़ाया गया। रेलवे के अधिकारियों के साथ ही रेल का इंजन और एक डिब्बा रहा। डूंगरपुर स्टेशन से दोपहर करीब 1 बजे ट्रायल इंजन दौड़ाया गया । अधिकतम 110 किमी की स्पीड से इस ट्रैक पर ट्रेन को दौड़ाया जा सकेगा। दो दिन बाद सीआरएस के निरीक्षण में हरी झंडी मिलते ही इस ट्रैक पर भी रेल चलाई जा सकती है।

वहीं जयसमंद से उदयपुर स्टेशन तक 50 किलोमीटर तक ब्रॉड गेज का काम अभी अधूरा है। खारवाचांदा के पास कुछ काम अधूरा है। इस ट्रैक पर भी पटरिया बिछाने का काम शुरू हो गया है।

जिसे पूरा करने में करीब 6 महीने का समय और लगेगा। जावरा स्टेशन का काम पहले ही पूरा हो गया है। जयसमंद से उदयपुर तक रेल लाइन शुरू होने के बाद अहमदाबाद से डूंगरपुर चलने वाली रेल को उदयपुर तक चलाया जा सकेगा।

गोविंद गुरु के नाम पेनोरोमा, रामसागड़ा में कॉलेज चिखली में सीएससी और गौरेश्वर के विकास के लिए पांच करोड़ की घोषणा

डूंगरपुर। राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा ऐतिहासिक बजट घोषणा के बाद गुरुवार को पुन: रिवाइज किए गए बजट में भी ऐतिहासिक सौगात दी। पूर्व सासंद ताराचंद भगोरा ने बताया कि चौरासी विधानसभा में गोविंद गुरु के नाम पेनोरोमा व राम सागड़ा में कॉलेज एवं चिखली में सीएससी की घोषणा की गई। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया ने बताया कि सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के गौरेश्वर तीर्थ के विकास को लेकर मुख्यमंत्री ने पांच करोड़ रुपये की घोषणा की है। खोडनिया ने बताकि दिवड़ा और आसपास के गांवों के लोग लंबे समय से गौरेश्वर के विकास की मांग कर रहे थे। राजस्थान के वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट की बहस पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में नए जिलों के गठन के लिए एक कमेटी बनाने की घोषणा की है। अपने भाषण में गहलोत ने घोषणा की कि हर विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ की सड़कें बनेंगी, मरम्मत के लिए अलग से पैसा दिया जाएगा।

टीएसपी क्षेत्र में रीट भर्ती परीक्षा लेवल 2 बहाली की मांग

अभ्यर्थियो ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, कलेक्टर को दिया सीएम के नाम ज्ञापन

डूंगरपुर। जिले के रीट भर्ती परीक्षा लेवल 2 के अभ्यर्थियों ने आज कलेक्ट्रेट पर टीएसपी क्षेत्र में रीट भर्ती परीक्षा लेवल 2 बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। वही प्रदर्शन के बाद अभ्यर्थियो ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौपा। डूंगरपुर जिले के रीट भर्ती परीक्षा लेवल 2 के अभ्यर्थी आज कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। इस दौरान जिले के रीट भर्ती परीक्षा लेवल 2 के अभ्यर्थीयो ने राज्य सरकार द्वारा रद्द की गई रीट भर्ती परीक्षा लेवल 2 के मामले में टीएसपी क्षेत्र में रीट भर्ती परीक्षा लेवल 2 को बहाल करने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर रीट अभ्यर्थियो ने कहा की राज्य सरकार ने एसओजी की जाँच में बड़े स्तर पर रीट परीक्षा भर्ती में पेपर लीक होने के चलते रीट परीक्षा लेवल 2 की परीक्षा को रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा की एसओजी की जांच में टीएसपी क्षेत्र में किसी भी प्रकार के पेपर लीक की बात सामने नहीं आई है। सरकार द्वारा लेवल 2 की भर्ती रद्द करने से पिछले 2 साल से रीट के लिए मेहनत कर रहे अभ्यर्थियो की मेहनत व भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। परीक्षा में शामिल होने वाले लेवल 2 के सभी अभ्यर्थी तनाव में है। उन्होंने कहा की रीट भर्ती परीक्षा में टीएसपी क्षेत्र के लिए 2 हजार 580 पद अलग से जारी किये गए थे। टीएसपी क्षेत्र की भर्ती प्रकिया व सेवा नियम भी नॉन टीएसपी क्षेत्र से अलग है। वही टीएसपी क्षेत्र की मेरिट भी अलग से जारी की जाती है। ऐसे में सरकार को चाहिए की टीएसपी क्षेत्र के पदों के लिए रीट भर्ती लेवल 2 के लिए हुई परीक्षा को रद्द के फैसले को वापस लेते हुए रीट परीक्षा लेवल 2 को बहाल करना चाहिए। सरकार के इस फैसले से टीएसपी क्षेत्र के अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिलेगी। इधर प्रदर्शन के बाद अभ्यर्थियो ने डूंगरपुर जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में लेवल 2 के अभ्यर्थियो ने टीएसपी क्षेत्र में रीट भर्ती परीक्षा लेवल 2 को बहाल करते हुए अभ्यर्थियो को राहत दिए जाने की गुहार लगाई है।

नए जिलों के गठन के लिए बनेगी कमेटी

जयपुर। राजस्थान के वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट की बहस पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में नए जिलों के गठन के लिए एक कमेटी बनाने की घोषणा की है। यह कमेटी छह महीने में रिपोर्ट देगी। गहलोत ने कहा कि विधायकों ने बड़ी संख्या में नए जिलों की मांग पर ज्ञापन दिए हैं, अब गुण-अवगुण के आधार पर जिलों की मांग पर कमेटी का गठन होगा। गौरतलब है कि राजस्थान में 40 से ज्यादा विधायकों ने नए जिले बनाने की मांग की है और विभिन्न स्तर पर 50 नए जिले बनाने की मांग उठ रही है। उन्होंने विपक्ष के कर्ज लेने के आरोपों को लेकर कहा कि कोई राज्य सरकार केंद्र की अनुमति के बिना कर्ज नहीं ले सकती है। भारत सरकार विभिन्न मापदंडों पर परखते हुए कर्ज लेने की अनुमति देती है। अपने भाषण में गहलोत ने घोषणा की कि हर विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ की सड़कें बनेंगी, मरम्मत के लिए अलग से पैसा दिया जाएगा।

करंट लगने से युवक की हुई मौत, 5 बच्चो के सिर से उठा पिता का साया

सीमलवाड़ा। डूंगरपुर जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के भिंडा गांव में आज एक युवक की छाछ बनाते समय करंट लग गया। वही परिजन गंभीर हालत में युवक को अस्पताल लेकर निकले लेकिन युवक की रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। इधर युवक की मौत के बाद 5 बच्चो के सिर से पिता का साया उठ गया है । डूंगरपुर जिले के चौरासी थानाधिकारी भेम जी गरासिया ने बताया की भिंडा गांव निवासी जीव बरंडा ने रिपोर्ट देकर बताया की उसका 40 वर्षीय बेटा शंकर बरंडा गाँव में ही मजदूरी का काम करता था। आज शंकर घर पर ही था और घर में वह छाछ बनाने की मशीन से छाछ बना रहा था। छाछ बनाते हुए मशीन से अचानक शंकर को करंट लग गया और वह बेसुध हो गया। इधर शंकर को करंट लगने पर परिजन घबरा गए और आसपास के लोगो को एकत्रित किया। इसके बाद परिजन गंभीर हालत में शंकर को लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर निकले। लेकिन डूंगरपुर आते समय रास्ते में शंकर की मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वही परिजनों ने मामले की जानकारी चौरासी थाना पुलिस को दी। सुचना पर चौरासी थाने से हैड कांस्टेबल निर्मल व अन्य पुलिसकर्मी डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचे जहा पर पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली। वही इसके बाद पुलिस ने शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। वही पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया। इधर पुलिस ने मृतक के पिता जीवा बरंडा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक शंकर बरंडा के 5 संतान है जिसमे चार बेटे व एक बेटी है। 2 लड़के गुजरात में नौकरी करते है वही 3 बच्चे पढ़ाई कर रहे है। इधर शंकर की मौत के बाद उसके 5 बच्चो के सिर से पिता का साया उठ गया है।

होली के नाम पर अवैध वसूली करने वालो पर दिए कार्रवाई के निर्देश

एसपी सुधीर जोशी ने ली थानाधिकारियों की बैठक, आपराधिक मामलो व कानून व्यवस्था की समीक्षा की

डूंगरपुर। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने आज पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस अधिकारियो व थानाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में एसपी जोशी ने जिले में आपराधिक मामलो व कानून व्यवस्था की समीक्षा की वही होली के त्यौहार को देखते हुए थानाधिकारियों को उनके क्षेत्र में होली के नाम पर अवैध वसूली करने वाले खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है। डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर स्थित पुलिस लाइन सभागार में आयोजित बैठक में एएसपी अनिल मीणा सहित सभी वृत्ताधिकारी व थानाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में एसपी थानेवार दर्ज मामलो की समीक्षा की और पेंडिंग प्रकरणों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में एसपी सुधीर जोशी ने जिले में बढ़ रही चोरी व लूट की वारदातों पर नाराजगी जताते हुए सभी थानाधिकारियों की क्लास ली और थानाधिकरियो को अपने-अपने क्षेत्रो में गश्त बढाने व वारदातों को जल्द खोलने व ऐसी वारदातों पर लगाम लगाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान एसपी जोशी ने कहा कि आगामी 24 व 25 मार्च को प्लानिंग मोर्डनाइजेशन एंड वेलफेयर एडीजी गोविन्द गुप्ता का जिले में दौरा प्रस्तावित है। ऐसे में सभी थानाधिकारी लम्बे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटियो की गिरफ्तारिया करे साथ ही लंबित प्रकरणों का भी शीघ्र निस्तारण करे। एसपी जोशी ने थानाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में शराब तस्करी, मादक पदार्थ की तस्करी पर अंकुश लगाने के भी निर्देश दिए। इधर बढती वाहनो की चोरी के मामले में एसपी जोशी ने सभी थानाधिकारियों को निर्देश दिए है कि डोर टू डोर सर्वे कर वाहन मालिको का सत्यापन करे ताकि वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके। वही एसपी जोशी ने आगामी होली और शब ए बारात त्योहारों को लेकर कानून व्यवस्था पर नजर बनाए रखने के साथ थाना स्तर पर सीएलजी मीटिंग्स आयोजित करने के निर्देश दिए। वही एसपी ने होली त्यौहार के दौरान सडको पर अवैध रूप से चंदा वसूली करने वालो के खिलाफ सख्त क़ानूनी कार्यवाही के निर्देश दिए है।

उदयपुर में 5 से 7 मार्च तक बिखरेंगे थियेटर उत्सव के रंग

इला अरूण, लिलेट दुबे, विक्रांत मिश्रा सहित कई नामी कलाकार करेंगे दर्शकों का मनोरंजन

उदयपुर। झीलों की नगरी उदयपुर के दर्शकों पर थिएटर फेस्टिवल का जादू मार्च के पहले सप्ताह में चलने वाला है। यह उत्सव दर्शकों के लिए जीवन के सभी रंगों का आनंद लेने के लिए एक इमर्सिव अनुभव सुनिश्चित करेगा। 5 से 7 मार्च तक परफोर्मिंग आर्ट क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा लिखित, निर्देशित और प्रदर्शित किए जाने वाले 3 दिवसीय थिएटर उत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। आयोजक अहसास महिला समूह ने बताया कि स्व. डॉ. प्रभा खेतान ने कोलकाता में प्रभा खेतान फाउंडेशन की स्थापना की थी।

फाउंडेशन पूरे भारत में साहित्य, प्रदर्शन कला, सांस्कृतिक विरासत और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित होकर काम कर रहा है। संगठन भारत और विदेशों में 40 शहरों में सक्रिय है। प्रभा खेतान फाउंडेशन अपनी पहल चलचित्र रंगमंच के तहत 3 शक्तिशाली और मार्मिक नाट्य प्रस्तुतियों के साथ उदयपुर में 3 दिवसीय थिएटर फेस्टिवल लेकर आया है।

फाउंडेशन ने कोविड -19 महामारी के कारण लॉकडाउन के लंबे अंतराल के बाद इस उत्सव को पूरी सावधानी से आयोजित किया है। यह भारत के समान विचारधारा वाले संगठनों,

लोगों और अहसास महिलाओं की सहायता से भारत और विदेशों में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरन्तर कार्यरत है।

रेडिसन होटल में होने वाले थियेटर फेस्टिवल में इस क्षेत्र की दिग्गज लिलेट दुबे और इला अरुण अभिनय के परिचित नाम केके रैना, विक्रांत मिश्रा, इरा दुबे, जॉय सेनगुप्ता, मार्क बेनिंगटन, ऋषि खुराना, प्रणव सचदेव जैसे वरिष्ठ कलाकारों के साथ तीन समकालीन मंच नाटकों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगी।

उत्सव का पहला दिन शोभा डे द्वारा लिखित लॉकडाउन लिएज़ोन्स के साथ शुरू होगा। यह नामी भारतीय अभिनेता और थिएटर निर्देशक लिलेट दुबे द्वारा निर्देशित नाटक 5 लघु कथाओं के संग्रह पर आधारित है। कोविड के समय पर आधारित नाटक जीवन और मानवीय संबंधों की असुरक्षा से संबंध रखता है। स्टार कास्ट में लिलेट दुबे, इरा दुबे और जॉय सेनगुप्ता शामिल हैं। दूसरे दिन भारतीय लेखक और स्तंभकार किश्वर देसाई द्वारा लिखित देविका रानी का प्रदर्षन होगा।। भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय स्क्रीन दिवा देविका रानी के जीवन पर आधारित एक अद्भुत नाटक का निर्देशन लिलेट दुबे द्वारा किया गया है। देविका रानी बॉम्बे टॉकीज फिल्म स्टूडियो चलाने वाली पहली महिला हैं। इसकी स्टार कास्ट में इरा दुबे, जॉय सेनगुप्ता, मार्क बेनिंगटन और ऋषि खुराना शामिल हैं।

तीसरे दिन इला अरूण द्वारा लिखित ये रास्ते हैं प्यार के नाटक प्रदर्शित किया जाएगा। इला अरुण लोक और लोक-पॉप संगीत की शैली में एक विश्व स्तरीय नाम है। नाटक का निर्देशन केके रैना ने किया है। इला अरुण ने एक भयंकर महामारी के अनिश्चित समय में दो बुजुर्गों की एक सुंदर कहानी बुनी है, जो अपने खाली जीवन के अलगाव से मुक्त होने के लिए बेताब हैं। स्टार कास्ट में इला अरुण, केके रैना और विक्रांत मिश्रा शामिल हैं।

इस उत्सव में देषभर के विभिन्न शहरों से अहसास समूह की महिलाओं द्वारा भी भाग लिया जाएगा। अहसास जीवन के सभी क्षेत्रों की समान विचारधारा वाली महिलाओं का समूह है जो समाज को बढ़ावा देने और समर्थन करने के लिए काम करता है।

उदयपुर की अहसास महिलाएं स्वाति अग्रवाल, श्रद्धा मुर्डिया, मूमल भंडारी, कनिका अग्रवाल, रिद्धिमा दोशी और शुभ सिंघवी उदयपुर में इस उत्सव की मेज़बानी कर रही हैं।

विद्यालय को भेंट की स्मार्ट एलईडी

सागवाड़ा। शैक्षणिक गुणवत्ता की बढोत्तरी के उद्देश्य से सेवानिवृत्ति एवं विदाई समारोह कार्यक्रम में स्मार्ट एलईडी विद्यालय परिवार को भेंट की। राजकीय प्राथमिक विद्यालय तलाईया फला नन्दोड में सेवानिवृत्ति एवं विदाई समारोह कार्यक्रम में विद्यालय के बालकों के शैक्षणिक गुणवत्ता बढाने के उद्देश्य से 32 इंची स्मार्ट एलईडी भेंट की गयी। प्रधानाध्यापक महेश चंद्र भट्ट ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी प्रमोद भट्ट ने की। विशिष्ट अतिथि पुनिया डामोर एवं मुख्य आतिथ्य सेवानिवृत्त शिक्षिका हीरा देवी भट्ट थे। समस्त अतिथियों का विद्यालयी छात्रों एवं ग्रामीणों द्वारा तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया। सेवानिवृत्त शिक्षिका का बच्चो के प्रति अन्तर्मन से लगाव था सभी अध्ययनरत छात्रों ने नम आँखों से शिक्षिका को विदाई दी। ग्रामीणो व विद्यालय परिवार ने शाल ओढाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। शिक्षिका द्वारा विद्यालय में अनूठी सेवा समर्पण देते हुए छात्र छात्राओं के प्रति शैक्षणिक स्तर को बढाने के उद्देश्य से साथ ही वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ऑनलाइन शिक्षण में आ रही विद्यालय समस्याओं की कमी दूर करते हुए 32 इंची स्मार्ट एलईडी व पेन ड्राइव विद्यालय को भेंट की। इस अवसर पर रूपजी डेन्डोर, वीरमल खराडी, कचरा, पूंजा पारगी, गणेश लाल जोशी, अध्यक्ष लक्ष्मण डेन्डोर आदि शिक्षक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। संचालन भुवन पंचोरी ने किया।

कलेक्टर ने पूंजपुर पंचायत क्षेत्र का किया दौरा

सीएचसी में 2 डॉक्टर्स व 3 कार्मिक मिले नदारद, नोटिस जारी कर 3 दिन में मांगा जवाब

आसपुर। डूंगरपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी आज आसपुर क्षेत्र के दौरे पर रही। अपने दौरे के कलेक्टर ने पूंजपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में 2 डॉक्टर व 3 कार्मिको ने अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी जताई और नोटिस देकर 3 दिन में जवाब मांगा है। डूंगरपुर जिला कलेक्टर सुभम चौधरी आज आसपुर पंचायत समिति की पूंजपुर गाँव में पहुंची। इस दौरान कलेक्टर चौधरी ने पूंजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। सीएचसी के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पहले उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। जिसमे 2 डॉक्टर व 5 अन्य स्टाफ की रजिस्टर में उपस्थिति तो लगी हुई थी लेकिन कोई भी मौके पर मौजूद नहीं थे। वही अस्पताल में मूवमेंट रजिस्टर भी मौजूद नहीं था। इधर डॉक्टर्स व कार्मिको के नदारद रहने व मूवमेंट रजिस्टर नहीं होने पर कलेक्टर शुभम चौधरी ने नाराजगी जताई। वही अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टर डॉ अशोक कुमार यादव, डॉ मंजीत सिंह, मेल नर्स सेकेण्ड हीरालाल मीणा, कनिष्ठ लेखाकार विनोद कुमार पाटीदार,कनिष्ठ सहायक महेंद्र कुमार, वरिष्ठ सहायक देव कृष्ण मेहता और लेब सहायक अशोक कुमार पंड्या को नोटिस जारी किया। वही सभी को 3 दिन में जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। इधर कलेक्टर ने संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर कार्रवाई की भी बात कही है।

विकास कार्यो भी किया निरीक्षण - इधर पूंजपुर के दौरे के दौरान कलेक्टर शुभम चौधरी ने पंचायत के विकास कार्यो का भी निरीक्षण किया। जिसके तहत राजीव गांधी जल संचय योजना में चल रहे कार्य को भी देखा। इस दौरान उन्होंने कार्यो के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। वही कलेक्टर चौधरी ने आसपुर बीडीओ राहुल बैरवा व पूंजपुर ग्राम विकास अधिकारी शंकर पटेल से ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं की प्रगति की भी जानकारी ली।

तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण की नीति बनाकर ही तबादले करने की मांग

सीमलवाड़ा। राजस्थान शिक्षक संघ जिला डूंगरपुर ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण की नीति बनाकर ही तबादले करने की मांग की है संघ के जिला अध्यक्ष बलवंत बामणिया एवं जिला मंत्री दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि विगत 7 माह पूर्व राज्य सरकार ने तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए आवेदन करवाए थे ।

जिसमें लगभग 85,000 तृतीय श्रेणी शिक्षकों ने तबादले तबादले के लिए आवेदन किए थे परंतु आज दिन तक भी राज्य सरकार ने तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले नहीं किए हैं ।

जबकि प्रधानाचार्य प्रधानाध्यापक व्याख्याता एवं द्वितीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले विगत 2 वर्षों में कई बार हो चुके हैं वहीं राजस्थान सरकार ने विगत 10 वर्षों से टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों के तबादले नहीं किए हैं प्रतिबंधित जिलों में तो विगत 15 वर्षों से डार्क जोन घोषित कर रखा है उनके तबादले नहीं हो पा रहे हैं अत: शीघ्र स्थानांतरण नीति बनाकर हजारों शिक्षकों को राहत प्रदान की जावे तबादलों के लिए स्थाई नीति अविलंब बनाने की मांग की है संगठन के संभाग संगठन मंत्री जिला संगठन मंत्री देवीलाल पाटीदार राजेंद्र वराहाट एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ ऋषिन चौबीसा ने बताया की विद्यालयों में वर्तमान में संचालित की जा रही कोंबो पैक की व्यवस्था को यथावत रखा जाए एवं गर्म पोषाहार देने के आदेश को निरस्त किया जाए जिससे विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया जा सके संगठन के सभा अध्यक्ष वासुदेव रोड जिला संगठन मंत्री राजेंद्र बरहाथ पूर्व जिला अध्यक्ष प्रवीण जैन भारत सिंह राणावत रवि प्रताप पारगी देव आनंद उपाध्याय राजेंद्र मीणा दक्षा कलाल देवेंद्र जैन कल्पेश मेहता शंकर लाल बुनकर सहित जिले के समस्त शिक्षकों ने यह मांग उठाई।